## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ. प्र.

## शहर में आज



- ☞ गुरूद्वारा गुरुनानक दरबार में लंगर बरताया जाएगा अपराह्न 2:15 बजे।
- ☞ मांगों को लेकर भाकियू की पंचायत आंबेडकर में दोपहर1:30 बजे।

# डायमंड रोड पर अवैध रूप से बनाए तीन कट

## सपा सरकार में शाहबाद गेट से स्टार चौराहा तक बनवाया गया था डिवाइडर, कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डायमंड रोड पर शाहबाद गेट से स्टार चौराहे तक डिवाइडर में लोगों ने अपनी सुविधा के लिए अवैध रूप से तीन कट बना लिए। यहां लोग चोटिल हो रहे हैं। इस मामले में अब लोक निर्माण विभाग पालिका प्रशासन और संबंधित ठेकेदार को नोटिस का रिमांइडर भेजने की तैयारी कर रहा है। इसका जवाब नहीं देने पर विभाग कट बंद कराएगा। इसका हर्जाना पालिका और संबंधित ठेकेदार को देना होगा।

सपा सरकार में शाहबाद गेट से लेकर स्टार चौराहे तक लाखों रुपयों की लागत से डिवाइडर बनवाया गया था। इस रोड पर दो किलोमीटर की दूरी में विभाग ने सिर्फ दो कट बनाए थे। इनमें स्टार चौराहे व शाहबाद गेट की ओर निकाला गया था। लेकिन अब इस रोड पर लोगों ने तीन कट और बना दिए हैं। इसमें एक विशाल मेगा मार्ट, दूसरा किडजी स्कूल के पास, तीन कट मोहसिन-ए-आजम कॉलोनी के पास सौ-डेढ़ सौ कदमों की दूरी पर है।

लोनिवि निर्माण खंड एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि इन नए कट की जानकारी पर विभाग के अधिकारियों ने सप्ताह भर पहले ही नगर पालिका परिषद प्रशासन और संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था। इसका जवाब नहीं मिलने पर रिमांइडर भी भेजा जाएगा। इसके बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो लोक निर्माण विभाग कट बंद कराएगा। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मैनुअल के हिसाब पांच सौ मीटर की दूरी पर सहमति लेकर कट निकाला जाता है। इन सभी नियमों को दर किनार कर कट लगाए हैं।



किडजी स्कूल के पास खोला गया कट। ● अमृत विचार





विशाल मेगा मार्ट के सामने बना कट। ● अमृत विचार

### सख्ती

- लोनिवि अधिकारियों ने पालिका प्रशासन और ठेकेदार को थमाया नोटिस

### हामिद स्कूल के पास डिवाइडर से परेशानी

राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने बाजार अब्दुल्ला गंज में बना डिवाइडर शहरवासियों के लिए परेशानी बन रहा है। यहां के दुकानदारों का कहना है कि डिवाइडर को हटवाने के लिए नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यहीं हाल मजार हाफिज शाह जमाल उल्लाह की दरगाह का है। यहां भी डिवाइडर है। लेकिन उसे हटवाया नहीं गया है। इससे जायरीन को परेशानी होती है।

### कट बनाने को शासन को भेजी जाती है रिपोर्ट

डिवाइडर में कट बनाने की सहमति शासन से ली जाती है। अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर कट निकालने के दिए गए थे। इसके बाद संबंधित एई, जेई या एक्सईएन साइट पर जाकर निरीक्षण करते हैं। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। कट निकाले जाने को शासन से धनराशि का आवंटन होता है। डायमंड रोड स्थित निर्माण खंड के अधिकारियों का दावा है कि स्टार चौराहे तक जो तीन कट बने हैं, वे अवैध हैं। इसमें पालिका अधिकारियों की भी भूमिका है, इसीलिए उनको नोटिस दिया गया है। इसका जवाब नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जेल रोड, बाजोड़ी टोला व अंगूरी बाग में छह घंटे बिजली रही गुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला जेल रोड, बाजोड़ी टोला और अंगूरी बाग समेत कई क्षेत्रों में मंगलवार को छह घंटे तक बिजली गुल रही। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक थाना गंज बिजलीघर से शट डाउन कराया गया। शाम चार बजे के बाद आपूर्ति सुचारू हुई।

कभी लोकल फाल्ट तो कभी एबीसी केबल क्षतिग्रस्त होने की वजह से शहर में आए दिन बिजली घंटों तक के लिए गुल हो जाती है। उपभोक्ताओं को शेडयूल के अनुसार बिजली नहीं मिली है। इस समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी पुराने एबीसी केबल और खंभों को हटवा रहे हैं। यह कार्य करोड़ों रुपयों की लागत से कराया जा रहा है। मंगलवार को थाना गंज स्थित अस्तबल रोड बिजलीघर से जेल रोड, बिलासपुर गेट के फीडर को बंद कराया गया। दोनों फीडरों पर एबीसी केबिल को बदलवाने के लिए एनसीसी कंपनी द्वारा कराया गया। एक्सईएन प्रथम इमरान खान ने बताया कि शहर में बिजली सुधार के कार्य कराए जा रहे हैं। इसके लिए कई टीमें क्षेत्र में लगाई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर प्रतिदिन जर्जर लाइनों को बदलने का कार्य कर रही हैं। जेल रोड, बिलासपुर गेट की विद्युत आपूर्ति को शटडाउन कराया गया। शाम चार बजे आपूर्ति शुरू करा दी गई है। अभी भी शहर के कई क्षेत्रों में पुराने खंभे, तारों को सही कराए जाने का कार्य कराया जाएगा। यह कार्य होने पर उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली मिलेगी।



जेल रोड क्षेत्र में नया केबल लगाते कर्मी।

## एक नजर

### आजम की सजा की अपील पर आज फिर होगी बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में सजा पर अपील को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं में बहस हुई। अब इस मामले में 17 जनवरी (बुधवार) को फिर बहस होगी। शहजादनगर थाने में आजम खां के खिलाफ लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में नफरती भाषण देने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट ट्रायल ने आजम खां को 15 जुलाई को दो साल की सजा एवं ढाई हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ आजम खां ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई चल रही है। मंगलवार को इस मामले में अधिवक्ताओं ने बहस की, जोकि पूरी नहीं हो सकी।

# पाइपलाइन लीकेज होने से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 के मोहल्ला अखाड़ा सोहराब खां में पानी की पाइपलाइन में लीकेज होने से लोगों को परेशानी हो रही है। घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि चार दिन से समस्या बरकरार है।

इस पाइपलाइन से हामिद इंटर कॉलेज, खारी कुआं, अखाड़ा सोहराब समेत कई आसपास के क्षेत्रों में पानी की सप्लाई होती है। इन क्षेत्रों में करीब तीन से चार हजार लोग रहते हैं। पाइपलाइन लीकेज होने से अखाड़ा सोहराब खां की मुख्य सड़कों पर जलभराव हो रहा है। यहां के घरों में पानी सप्लाई नहीं आ रही है। इसके अलावा पाइपलाइन लीकेज के पास अंडर ग्राउंड केबल बॉक्स भी लगा है। इससे पानी में करंट आने का खतरा बढ़ रहा है। बताने पर जलकल विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों से लीकेज बंज कराई है। उधर, शहर के मोहल्ला पक्का बाग चौराहा क्षेत्र में पानी आपूर्ति सप्लाई बाधित हुई। यहां के लोगों की समस्या को देख कर्मचारियों ने खास चौराहे पर पाइपलाइन की लीकेज बंद की। ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है। लीकेज जल्द बंद करा दी जाएगी।



पाइपलाइन की मरम्मत करने के लिए गड्ढा खोदता कर्मचारी।

### दिक्कत

- कई दिनों से घरों में आ रहा है गंदा पानी
- जानकारी पर पालिका के कर्मचारी मरम्मत करने में जुटे

## जिले में 37 स्थानों पर चला सफाई अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को 37 जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद रामपुर में चिह्नित 10 स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। नगर पालिका परिषद स्वार में दो, नगरपालिका परिषद टांडा में पांच, नगर पालिका परिषद बिलासपुर में चार, नगर पंचायत शाहबाद में चार, नगर पंचायत केमरी में एक, नगर पंचायत मसवासी में चार, नगर पंचायत सैफनी में दो, नगर पंचायत दढ़ियाल में तीन और नगर पंचायत नरपत नगर दून्दावाला में दो स्थलों के साथ जनपद के स्थानीय निकाय क्षेत्रों में कुल 37 स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया।

# ऑनलाइन सामान बेचना बंद करें

गकार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष शुऐब मोहम्मद खां ने कहा कि कंपनियां ऑनलाइन कंपनियों और मॉल्स को माल देना बंद करें। इससे डिस्ट्रीब्यूटर का नुकसान हो रहा है।

डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल में हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर पूरे शहर के दुकानदारों को माल बेचता है। कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर के सेल में लक्ष्य में 25 प्रतिशत कम करें या ऑनलाइन माल देना बंद करें। एसोसिएशन के सेक्रेटरी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जिला प्रशासन ई-रिक्शा या माल की गाड़ी को नहीं रोकें। कंपनी ऐसा करती है तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। एसोसिएशन में सुमित रस्तोगी ने नवीन सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर संजय गर्ग, राजीव अग्रवाल, हारिस शमसी, अमित अग्रवाल, गौरव गुप्ता, मोहित अग्रवाल, गौरव जैन, शिव कुमार उर्फ लड्डु, फिरोज खान, आशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।



बैठक के बाद मौजूद डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार







एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल की सजा

रामपुर, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव ककरौआ निवासी सद्दाम पर किशोरी का अपहरण करने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के बाद किशोरी को बरामद कर लिया था। इसमें धारा 376 बढ़ा दी थी। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

टांडा, अमृत विचार : नगर में रामपुर मार्ग स्थित गांव तार का मझरा मोड़ पर मंगलवार दोपहर दो बाइकों की भिड़त में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में जिला मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के गांव फरीदपुर निवासी शाहरुख उसकी बहन नगमा, थाना टांडा के ग्राम लाड़पुर बीबी निवासी फतीन उसकी पत्नी साहिबा शामिल हैं। हादसे में बाइक चालक फतीन की टांग कट गई है।

# ग्रामीण की हत्या में दोषी को उम्रकैद

## शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव बैरूआ में हुई थी घटना, 51,000 रुपये जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ढाई साल पहले ग्रामीण की गोली मारकर हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी को आजीवन कारावास और 51,000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव बैरूआ से जुड़ा है। यहां के रहने वाले तौसीफ आलम ने बताया था कि दो जून 2011 को उनके मकान की छत पर ललवारा का रहने वाला रजाबुल आ गया था। उसे तौसीफ की मां ने देखा था। उनके शोर मचाने पर सैयद आलम डंडा लेकर छत पर आ गया था। उसको देखकर आरोपी रजाबुल छत से कूदकर खपरैल के सहारे नीचे आ गया। इसके बाद भाई के शोर मचाने पर वे लोग एकत्र होकर उसका पीछा करने लगे। तभी एक दुकान के सामने सैयद आलम को गोली मार दी थी। इससे वह बेहोश होकर वहां गिर गया था। परिजन घायल को कार से लेकर मुरादाबाद पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया था। बाद में परिजनों ने रजाबुल के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज इस मामले की जांच की। इसके बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में हुई। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी विजय कुमार द्वितीय ने साक्ष्यों और बयानों के आधार पर रजाबुल को दोषी ठहराया। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास सुनाया और 51 हजार का जुर्माना लगाया।

### चोरी करने घर की छत पर गया था आरोपी

सैफनी के ललवारा निवासी रजाबुल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। दो जून 2011 को भी वह तौसीफ आलम के घर पर चोरी के इरादे से उसके मकान की छत पर आ गया था। जहां परिजनों ने जब उसको पहचान लिया था तो उसने गोली चला दी थी। एडीजीसी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी चोरी किया करता था। उसके खिलाफ काफी मुकदमे दर्ज हैं। उसको 25 आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा और एक हजार का जुर्माना लगाया है।

### भांजी से दुष्कर्म के दोषी मौसा को आजीवन कारावास

रामपुर, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने मौसा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर पांच लाख दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। मामला गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां की रहने वाली एक महिला ने बताया था कि उसकी 16 साल की बेटी जन्म से ही बीमार रहती थी। उसको दौड़े पड़ते रहते थे। इसके चलते उसका काफी दिनों से इलाज भी चल रहा है। गंज क्षेत्र में ही महिला की बहन भी रहती है। किशोरी दवा लाने के दौरान कभी-कभी मौसी के यहां पर रुक जाती थी। महिला का आरोप है कि उसका बहनोई उसकी बेटी पर गलत नजर रखता था। वह भांजी का शोषण करता रहता था। जब किशोरी की तबीयत बिगड़ी तो उसकी मां ने अस्पताल में उसका अल्ट्रासाउंड कराया। इसमें पता चला कि उसकी बेटी गर्भवती है। यह सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसने जब बेटी से जानकारी ली तो उसने बताया कि उसके गुड्डू अंकल ने उसके साथ गलत काम किया था। किसी को बताने पर उसको जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता की मां थाने पहुंच गई। उसने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के पीठासीन अधिकारी रामगोपाल सिंह ने की। उन्होंने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच लाख दो हजार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। विशेष लोक अभियोजक सुमित कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी जलील अहमद उर्फ गुड्डू को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। जुर्माने की सारी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

## कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, पत्र भेजा

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के निलंबन के बाद कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिसंबर का वेतन दिलाने की मांग की है।

पिछले माह मसवासी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विजय आनंद को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद किसी भी अधिकारी को उनका चार्ज नहीं दिया गया है। इस वजह से कस्बे में समस्याएं बढ़ गई हैं। उधर, कर्मचारियों को भी दिसंबर का वेतन नहीं मिल सका है। जिससे उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर किसी अन्य निकाय के अधिशासी अधिकारी को चार्ज दिलाकर वेतन दिलाने की मांग की है। बताया कि ईओ की तैनाती न होने से समस्याएं बढ़ गई हैं और कार्यालय के कार्य भी लंबित हैं। पत्र पर राजीव शर्मा, गीता,अनीता, बाबूराम सचिन, महेंद्र सिंह, सोमपाल, समेत अन्य कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं।

# मुख्यमंत्री का करीबी बताकर युवक ने बुजुर्ग से मांगे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

आरोप

- रुपये नहीं देने पर जेल में सड़ाकर मारने की दी धमकी
- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी, कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : बुजुर्ग को फोन कॉल करके अज्ञात युवक ने 10 लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर जेल में सड़ाकर मारने की धमकी दी। युवक खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बता रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुरानी कॉलोनी निवासी प्रेम तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह रजा टेक्सटाइल्स मजदूर संघ के पूर्व सचिव हैं। इलाहाबाद ऑफिशियल लिक्वीडेटर की ओर से उनको रजा टेक्सटाइल्स की संपत्ति के लिए तैनात किया गया है। इसके चलते वह लोगों द्वारा मकानों पर कब्जा की कई बार शिकायतें कर चुके हैं। आरोप है कि 19 नवंबर 2023 को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि मैं गोरखपुर से बोल रहा, तुमने जो शिकायत की थी, उसकी जांच चल रही है। कुछ रुपयों का इंतजाम कर लो, पैसे लेकर गोरखपुर आना पड़ेगा। इसके बाद सात जनवरी को फिर से उसी व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि तुम्हारे खिलाफ एक महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। तुम्हारे पूरे परिवार को जेल जाना पड़ेगा। कहा कि अगर 48 घंटे में 10 लाख रुपये नहीं दिए तो तुम्हारा बुढ़ापा नरक बन जाएगा।

नौ जनवरी को फिर से उसी का फोन आया, लेकिन रिसीव नहीं हो सका। 10 जनवरी को फिर से उस व्यक्ति का फोन आया और उसने दिए गए अकाउंट नंबर पर रुपये डालने की बात कही। आरोपी खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बताकर पैसे मांग रहा है। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नहर पर 19 खोखे वालों को थमाए नोटिस

संवाददाता, टांडा



सड़क किनारे खोखे। ● अमृत विचार



दुकानदारों को नोटिस जारी करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर के बीच से गुजरने वाली जालपुर नहर पर नगर पालिका कार्यालय के पास रखे खोखे वालों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। नहर खंड के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने को लेकर मंगलवार को 19 लोगों को नोटिस जारी कर दिए हैं। अतिक्रमण हटवाने में नगर पालिका प्रशासन ने नहर खंड का कोई सहयोग नहीं किया।

जालपुर नहर पर कुम्हारों वाली पुलिया से शाही मस्जिद की ओर, मोहल्ला टन्डोला को जाने वाले मार्ग के पास कुछ लोगों ने सात साल पहले लोहे के खोखे बनवाकर रख लिए थे। अधिकांश खोखों में व्यवसाय भी शुरू कर दिया है। इसकी शिकायत कुछ लोगों ने विभागीय अधिकारियों से की। नहर विभाग के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए नगरपालिका के ईओ से वार्ता की। उनको नौ जनवरी को नहर से जेसीबी से अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया। निर्धारित समय पर नहर विभाग के सहायक अभियंता अजीत सिंह के नेतृव में विभाग की एक टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। ईओ के अवकाश पर होने के कारण नहर से अतिक्रमण हटाया नहीं जा सका। खोखे वालों ने नहर विभाग के सहायक अभियंता को बताया कि खोखे उन्हें नगर पालिका द्वारा नियमानुसार आवंटित किए गए हैं। जिनका वह नियमित रूप से पालिका को किराया देते हैं। यदि अतिक्रमण के नाम पर उन्हें उजाड़ा गया तो वह बेरोजगार हो जाएंगे।

> जालपुर नहर से अतिक्रमण हटाने के लिए नगरपालिका ने कोई सहयोग न किया। लोगों को धारा 70 के तहत नोटिस जारी किए हैं। उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा है। अगर अवैध कब्जे नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – अजीत सिंह, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

## बिजलीघर के मीटर में आग, अफरा-तफरी

रामपुर, अमृत विचारः नवाबगेट बिजलीघर में लगे पांच किलोवॉट के मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यहां कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। बिजलीघर में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी ने शटडाउन कराया। लेकिन जब तक केबल जल गया।

शहर के अधिकतर बिजलीघरों में सर्दी से बचने के लिए हैवी पॉवर वाले हीटर जलाए जा रहे है। मंगलवार को नवाबगेट बिजलीघर के मीटर में आग लग गई। पास के अन्य कक्षों में जा रही एलटी लाइन भी जल गई। मीटर में पानी डलवाकर आग बुझाई गई। क्षतिग्रस्त तार बदलकर शाम पांच बजे तक जारी रहा। उपखंड अधिकारी तृतीय विनय कुमार ने बताया कि शार्ट सर्किट होने से मीटर में आग लग गई थी, जिसकी वजह से केबिल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। सप्लाई करा दी गई है।

# जिला अस्पताल में अवैध पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला अस्पताल में खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार

- मरीज और स्टाफ को होती है दिक्कत, ई-रिक्शा की वजह से फंसी है एंबुलेंस

अमृत विचार : जिला अस्पताल में ई-रिक्शा, वाहन चालकों ने अवैध रूप से पार्किंग स्थल बना दिया है। ई-रिक्शा चालक सवारियां लेकर अस्पताल में घुस जाते हैं। फिर सवारियों के इंतजार में गेट के आगे रिक्शा खड़ा करते हैं। मरीज, तीमारदार और अन्य स्टाफ को इधर से गुजरने में परेशानी होती है। कई बार ई-रिक्शा की वजह से एंबुलेंस भी रास्ते में फंस जाती है।

जिला अस्पताल के अंदर आने जाने वाले राहगीरों की सुविधा के लिए परिसर में पार्किंग स्थल है। यहां पर बाइकें, चार पहिया वाहन खड़े होने की जगह है, लेकिन फिर भी लोग अपनी बाइकें अस्पताल में ले जाते हैं। यहीं हालत ई-रिक्शा वालों का है। ई-रिक्शा चालक सवारियां लेकर अस्पताल के अंदर तक जाते हैं और सवारियां छोड़ने के बाद यहीं पर खड़े हो जाते हैं। दोपहर तक अस्पताल के अंदर ई-रिक्शा ही नजर आते है। इमरजेंसी वार्ड से लेकर मुख्य द्वार तक बाइकें, ई-रिक्शाओं का जमघट लगा रहता है। वाहनों को नहीं हटाने पर इमरजेंसी का मुख्य गेट खोला जाता है। अस्पताल में सुरक्षा डयूटी में तैनात होमगार्ड कई बार ई- रिक्शा को वहां से हटाने का प्रयास करते हैं, लेकिन चालक अपनी मनमानी कर ई-रिक्शा खड़ा करते हैं।

# 217 स्कूलों के इंचार्ज और प्रधानाध्यापकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

कार्रवाई

- इनके स्कूलों में 50 प्रतिशत से कम छात्र-छात्राओ की रही उपस्थिति

अमृत विचार : दिसंबर 2023 में जिले के 217 सरकारी स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम रही। उन 217 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज अध्यापकों को विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सभी से खंड शिक्षाधिकारियों ने स्पष्टीकरण मांगा है। जिले में प्राथमिक और उच्च प्राइमरी समेत 1596 स्कूल हैं। इनमें करीब सात हजार शिक्षक हैं। शासन की ओर से समय-समय पर सरकारी स्कूलों के लिए योजनाएं चलाई जाती हैं। ताकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा स्कूलों में आकर पढ़ें। इतना ही नहीं कमजोर बच्चों के लिए एआरपी भी रखे गए हैं। अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान बच्चों की उपस्थिति भी ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को बताया जाता है, लेकिन उसके बाद बच्चे स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। दिसंबर 2023 में 217 स्कूलों में बच्चों की उपिस्थित 50 प्रतिशत से कम पाई गई। जिसके बाद विकासखंड सैदनगर के 30, बिलासपुर के 40, चमरौआ से 16, मिलक के 32, शाहाबाद के 34 एवं स्वार के 45 प्रधानाध्यापक, इंचार्ज अध्यापक है। इसके बाद से शिक्षकों में खलबली मच गई है।

## भूखंडों में फेंका जा रहा कूड़ा-कचरा

रामपुर, अमृत विचार : शहर में सफाई के लिए नगर पालिका अधिकारी भले ही कितने दावे रहे हो, लेकिन इन सभी दावों की पोल खुल रही है। अधिकतर मोहल्लो के भूखंडों में कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जनपद में 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चल रहा है। लेकिन इसके बाद भी खाली भूखंडों में कूड़ा-कचरा फेंका जा रहा है। पालिका क्षेत्र में कई जगह लोगों ने अपने-अपने भूखंड खरीदे हैं। वार्ड नंबर 33 के वेलकम मैरिज हॉल के निकट निवासी नासिर अली ने भूखंडों पर पड़े कूड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। नासिर वीडियो में कहता दिखाई दे रहा कि कई दिनों से कूडे.के ढेर लगे हुए हैं। इस बारे में सभासद को बताया गया है लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# मजदूरी करने ट्रॉलियों में जा रहे बालक

संवाददाता, बिलासपुर



ट्रैक्टर-ट्रॉली से जाते लोग। ● अमृत विचार

जान जोखिम

- हादसे का रहता है खतरा, बाल मजदूरी भी अपराध

अमृत विचार : लगातार हो रहे हादसों के बाद और मुख्यमंत्री के सख्त आदेशों के बावजूद धड़ल्ले से बालक ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर बाल मजदूरी के लिए जा रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

प्रदेश में ट्रैक्टर-ट्रालियों से कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। एक श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें लगभग 27 लोगों ने अपनी जान गवां दी थी। जबकि बीस से अधिक लोग घायल हुए थे। इसके अलावा इसी जनपद में एक अन्य ट्रैक्टर-ट्राली सड़क हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इन हादसों के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के विरुद्ध नाराजगी जाहिर की थी। लेकिन, स्थानीय प्रशासन इस पर संज्ञान लेने के बजाए शांत है। जिंदगी खतरे में डालकर मासूम ट्रालियों में भरकर बाल मजदूरी के लिए जा रहे हैं। कोतवाली के सामने से भी वाहनों को आसानी से जाने दिया जा रहा है। तड़के और शाम को मुख्य चौराहे से निकलने वाली बच्चों से भरी ट्रालियों पर अगर कस्बा चौकी पुलिस कार्रवाई कर दे तो शायद क्षेत्र में बाल मजदूरी पर अंकुश लग सकता है। ट्रालियों में महिला-पुरषों के अलावा मासूम भी होते हैं। पुलिस कार्रवाई करने के बजाए इन्हें नजर अंदाज कर देती है।

## मजदूरी के पैसे मांगने को लेकर मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, केमरी

- गांव पजैया में की घटना, टेंट स्वामी को पीटकर घायल किया

अमृत विचार : उधार के पैसे मांगने पर भाइयों ने टेंट स्वामी को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई कर दी है।

हरियाणा राज्य के ग्राम क्योडक जिला कैथल निवासी राहुल और सचिन की बहन का विवाह थाना केमरी थाना क्षेत्र के गांव पजैया में हुआ था। कुछ दिन पहले वह भी अपनी बहन के गांव आकर रहने लगे। मेहनत मजदूरी करने लगे। सुनील कुमार गांव में टेंट हाउस की दुकान चलाता है। उसकी दुकान पर दोनों भाई मजदूरी करने लगे। शादी विवाहों में टेंट लगाकर मेहनत मजदूरी करते थे। मजदूरी के रुपये सुनील पर बकाया हो गए। इसी को लेकर दोनों भाइयों ने सुनील से जब पैसे मांगे तो,उसने पैसे देने से इंकार कर दिया। कहा कि जब पैसे होंगे तब दे दूंगा, यह बात दोनों भाइयों को बुरी लगी। उन्होंने टेंट मालिक सुनील के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने में आकर तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज करके दोनों को थाने ले आई। जहां दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायल ने अस्पताल में अपना उपचार कराया है।

अनदेखी

मिलक पटवाई रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर 24 गांवों के लोगों को हो रही परेशानी

# वर्षों से ओवरब्रिज बनने की राह देख रहे लोग

संवाददाता, मिलक

- निर्धारित मूल्य पर सहमति पत्र देने से किसानों ने किया मना
- भूमि अधिग्रहण करने में आ रही दिक्कत से नहीं हो रहा निर्माण

अमृत विचार : क्षेत्र में पटवाई मार्ग स्थित गांवों के लोग रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग दशकों से कर रहे हैं। लेकिन इसका निर्माण नहीं हो पाया है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है।

मिलक पटवाई रोड करीब 24 से अधिक गांवों का संपर्क मार्ग है। यह संपर्क मार्ग शाहबाद तहसील व जिला मुख्यालय को भी जोड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिदिन तहसील मुख्यालय आते जाते हैं। जैसे ही वे मिलक पहुंचते हैं तो रेलवे क्रॉसिंग उनके आवागमन में बाधा बनता है। रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ियां आकर खड़ी हो जाती हैं। इससे ग्रामीण अपनी जान को जोखिम में डालकर मालगाड़ी के नीचे से होकर गुजरते हैं। क्रॉसिंग से जल्द एंबुलेंस न निकल पाने की वजह से कई गंभीर रूप से घायल लोगों ने उपचार के अभाव में दम भी तोड़ दिया था। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से एम्बुलेंस घंटों खड़ी रही है। इस समस्या के समाधान के लिए किसान यूनियन के विभिन्न संगठनों ने कई बार स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन किए। रामपुर की एक जनसभा में पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने इस रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओवरब्रिज के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया था। ओवरब्रिज स्वीकृत होने के बाद भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हुई लेकिन आधे से ज्यादा किसानों ने निर्धारित मूल्य के कारण अपने सहमति पत्र देने से इनकार कर दिया। फिलहाल रेलवे विभाग द्वारा एक अस्थायी मार्ग बना दिया गया है।



> सुबह को रेलवे क्रॉसिंग ज्यादातर बंद ही मिलता है। एक साथ कई ट्रेनें गुजरने के बाद जब रेलवे क्रॉसिंग खुलता है, तो जाम लग जाता है। कभी-कभी वह समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं।
> – अजय कुमार



> पटिया गांव तहसील मुख्यालय से चंद दूर है, लेकिन रेलवे क्रासिंग बंद रहने के कारण जल्दी के कामों में घंटों गुजर जाते हैं। जल्द ही ओवर ब्रिज का निर्माण होना चाहिए। ताकि समस्या दूर हो सके।
> – सत्यवीर सागर



> मिलक पटवाई रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज न बनने से क्षेत्र के छात्र छात्राओं को मिलक आवागमन करने बहुत कठिनाई होती है। क्षेत्र के ज्यादातर पढ़ने बाले बच्चे मिलक नगर में रहने को मजबूर हैं।
> – नितेश गंगवार



> कूप गांव में सीएचओ के पद पर तैनात हैं। प्रतिदिन मिलक से आवागमन करती हैं। समय से पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होती है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण कभी कभी वह देरी से पहुंचती हैं।
> –सताक्षी यादव



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव।

# एएसपी ने पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड का आयोजन हुआ।

पुलिस लाइन में 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने परेड की सलामी। परेड में लगे पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। परेड के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, कैंटीन, कंप्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक किया। सभी पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए।

खबरों के लिए देखें www.amritvichar.com



## एक नजर

### नई बस्ती में बिजली के खंभे लगाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली सलमानी ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने बताया कि नई बस्ती की गली नंबर दो के अंदर बिजली खंभे नहीं लगे हैं। इसके कारण लाइन के तार नहीं खींच सके हैं। लोगों के घरों में अंधेरा छाया है। बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। गली में बिजली के तीन खंभे लगने से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। पत्र देने वालो में शाहबान, पप्पू, शाबू खां जरीफ सलमानी, बब्बू अली, नूर अहमद आदि शामिल रहे।

### आप सांसद संजय की रिहाई के लिए लिखा पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. मुदस्सिर अली खान ने राष्ट्रपति को अपने खून से पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि संजय सिंह ऐसे नेता हैं जो हिंदुस्तान के कमजोर लोगों की आवाज सदन में उठाते हैं। साथ ही केंद्र सरकार की नाकामियों को उजागर करते हैं। इसीलिए उनको झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार किया था। उन्होंने रिहा किया जाए। उनकी रिहाई के लिए आप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगातार मांग उठा रहे हैं। लेकिन उनकी रिहाई नहीं की जा रही है। इससे पार्टी की नुकसान हो रहा है।

# राम मंदिर निर्माण से बढ़ेगा गौरव : नकवी

## मंदिर परिसर में चले सफाई अभियान में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंदिर परिसर में मंगलवार को कहा कि विदेशी आक्रांताओं की क्रूर करतूत का कलंक मिटने के बाद अब अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण पूरा होना सदी की सबसे गौरवान्वित करने वाली घटना है। कुछ राजनीतिज्ञ पूर्वाग्रह से पीड़ित लोग राम जन्मभूमि के मुद्दे को लटकाने-भटकाने, भय और भ्रम का माहौल पैदा करते रहे। ऐसे समय में जब देश गौरवान्वित है तो कुछ लोग कुंठित मानसिकता से भरे हुए दिख रहे हैं।

मंगलवार दोपहर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी यहां पहुंचे। कोसी पुल पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल, माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मंत्री शंकरपुर स्थित मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में भाग लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से समाज के सभी वर्गो के लोगों ने राम मंदिर निर्माण का स्वागत किया है इससे यह बात साफ है कि जानबूझकर कुछ लोग इस मुद्दे पर सांप्रदायिक तड़का लगाकर अपने सियासी स्वार्थ सिद्ध करते रहे।



शंकरपुर स्थित मंदिर में झाड़ू लगाते पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी। ● अमृत विचार

**▸▸ बोले-कांग्रेस सरकार ने संसद में संख्या बल का किया दुरुपयोग पलट दिया था कोर्ट का फैसला**

इस तरह का शीत विरोध कथित सेकुलर सिंडिकेट द्वारा दिखाई पड़ रहा है। उससे यह स्पष्ट है कि केंद्र में यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले और देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं के बावजूद भगवान रामलला 500 साल और टेंट में ही रह जाते। कहा कि वर्ष 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के मामले में जब फैसला किया था तो उस समय की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संसद में संख्या बल का दुरुपयोग कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शाहबानो केस में पलट दिया था।

वहीं एक तरफ कांग्रेस और उनके नेतृत्व वाली सरकार की भावना ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर गैर जिम्मेदार रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए संख्या बल का दुरुपयोग किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रभावी एवं राम जन्मभूमि के निर्माण का रास्ता साफ करने के लिए किया है।

### ये रहे मौजूद

भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, राकेश मिश्रा,अभय गुप्ता, ज्वाला प्रसाद गंगवार, महासिंह राजपूत, कपिल आर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, जगपाल यादव, राजीव मांगलिक, अवधेश शर्मा, सतनाम सिंह, टेकचंद गंगवार, हरीश गंगवार, सोनू लोधी, अर्जुन रस्तोगी, संजय चंद्रा, कपिल गुप्ता आदि।

### 22 जनवरी को कराएं मंदिरों में भजन-कीर्तन

**रामपुर, अमृत विचार :** 14 जनवरी से 21 तक संचालित किया जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में मंगलवार को पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ग्राम पंचायत दनियापुर शंकरपुर, विकासखंड चमरौआ में स्थित शिव मंदिर पर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि 22 जनवरी को सभी देव मंदिरों पर सजावट, भजन-कीर्तन के कार्यक्रम कराए जाएं। मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्गों, रास्तों, आसपास सफाई कराई जाए। 22 जनवरी को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाएं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख चमरौआ आदि मौजूद रहे।

# चाकू और तमंचे के साथ तीन आरोपी किए गिरफ्तार

पटवाई, संवाददाता

**कार्रवाई**

**▸▸ पुलिस ने अभियान चलाकर आरोपियों पर की कार्रवाई**

**▸▸ तीनों आरोपियों के खिलाफ मामले किए गए दर्ज**

**अमृत विचार :** पटवाई थाने की पुलिस ने अभियान चलाकर एक आरोपी को चाकू और दो आरोपियों को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पटवाई पुलिस ने वांरटी श्याम पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम ढोलसर थाना पटवाई ग्राम हुसैनगंज तिराहे के पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस उसको थाने ले आई और उस पर कार्रवाई कर दी है। इसके अलावा पटवाई पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम लदौरा तिराहे के पास से ओमपाल पुत्र वनवारीलाल निवासी ग्राम मुडियाखेड़ा थाना पटवाई को एक तमंचा 12 बोर दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पटवाई में आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दी। इसके अलावा पटवाई पुलिस ने चेकिंग के दौरान हनुमान मूर्ति के पास पुलिया ग्राम सईदगंज के पास से रंजीत पुत्र जानकी प्रसाद निवासी लालपुर पट्टी खुर्द थाना पटवाई को एक तमंचा, एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इसकी जांच की जा रही है।

### सोसायटी ने शिविर लगाकर बांटे गर्म कपड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** एकता एजुकेशनल एकेडमी वेलफेयर सोसायटी की ओर से शिविर लगाकर गरीबों को गर्म बांटे। जिन्हें पाकर उनके चेहरे खिल उठे। समाजसेवी महताब जहां ने बताया कि सोसायटी की ओर से सर्दी के प्रकोप को देखते हुए गरीबों को फ्री में बूढ़ों को दवाइयां, गर्म कपड़े बांटने का बीड़ा उठाया है। कहा कि इस सराहनीय कार्य अन्य समितियों और संस्थाओं को बढ़चढ़कर प्रतिभाग करें।

# मुख्य मार्ग किनारे खंभे बन रहे हादसों का सबब

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे के पास खड़े बिजली के खंभों से जाम लग जाता है। इसके चलते दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका और तहसील प्रशासन सहित पुलिस टीम मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया है। दुकानदरों और ठेले वालों पर शिकंजा कसा जाता है। लेकिन मुख्य समस्या बरकरार है।

नगर के मुख्य मार्ग पर बाजार में सड़क किनारे सटे हुए बिजली के खंभे खड़े हैं। इनसे आए दिन मार्ग पर जाम लगता है। दुकानदारों, ठेले वालों सहित पैदल राहगीरों और वाहन चालक जाम में फंसते हैं।

**▸▸ अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन ठेले वालों व दुकानदारों पर करता है कार्रवाई**

कुछ दिन पहले जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। दुकानदारों का कहना है कि वे तो अपनी हद में रहकर सामान रखते हैं। सड़क के किनारे पर खड़े बिजली के खंभे ही अतिक्रमण का सबक हैं। जब तक इन खंभों को हटाकर सड़क से दूर लगाया नहीं किया जाएगा तब तक जाम की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाएगा। मंगलवार को जब इस संबंध में नगरवासियों से बात की तो उनका यही कहना था कि अतिक्रमण से निजात के लिए बिजली के खंभों को सड़क किनारे से दूर खड़ा किया जाना जरूरी है।



"मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे के पास खड़े बिजली के खंभे अतिक्रमण का कारण हैं। अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारों पर कार्रवाई की जाती है। इन खंभों को सड़क किनारे से हटाया जाए। **-हाजी शकील, नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल**"



"बिजली के खंभे हादसों के साथ ही जाम का सबक बने हुए हैं। जिनको हटाकर कुछ दूरी पर खड़ा किए जाने से रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। जाम से परेशानी होती है। **– मोहम्मद आरिफ, होटल व्यवसायी**"



"टांडा, बाजपुर, मुरादाबाद मार्ग पर खंभे जाम का सबब बने हैं। यदि प्रशासन द्वारा इनको हटकर कुछ दूर खड़ा किया जाए तो जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। **– आशीष वर्मा, प्रोप्राइटर आरके मोटर्स**"



"मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम लगने से वाहन चालकों सहित दुकानदारों और पैदल राहगीरों को बेहद परेशानी होती है। दरअसल सड़क के किनारे के पास खड़े बिजली के पोल ही वास्तव में जाम का सबब बने हैं। **– मुईद सैफी, एडवोकेट**"

## वर्कशॉप की जिम्मेदारी अविनाश को मिली

**रामपुर, अमृत विचार :** राधा रोड स्थित नगर पालिका परिषद की वर्कशाप की जिम्मेदारी मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ. अविनाश को मिली है।

इससे पहले यह जिम्मेदारी मंजूर नकवी के पास थी। किन्हीं कारणों के चलते मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अविनाश को सौंपी गई है। दूसरी ओर, ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने भी मंगलवार को वर्कशॉप का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी को निर्देशित किया कि खराब पड़ी मशीन को ठीक कराने को कहा। जिन गाड़ियों में म्यूजिक सिस्टम खराब हो गया है उसे जल्द ही ठीक कराया जाए। वर्कशॉप प्रभारी से प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजने की बात कही।

# कई स्कूलों व मदरसों की मान्यता होगी निरस्त

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि जो भी मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं मदरसे ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे हैं, बार-बार निर्देश देने के बाद भी अभी तक यू-डायस पोर्टल पर विद्यालय एवं मदरसे बच्चों का डाटा फीड नहीं कर रहे हैं। उन सभी की मान्यता निरस्त कर दी जाएगी।

मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ विजय कुमार की अध्यक्षता में ब्लाक संसाधन केंद्र में मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसा संचालकों की बैठक हुई। इसमें बीईओ ने कहा कि विद्यालय एवं स्टाफ से संबंधित सूचना दो दिन में भर दें। बच्चों से संबंधित सूचना पांच दिन में भरने के निर्देश दिए। साथ ही इससे संबंधित सभी मान्यता प्राप्त मदरसों एवं विद्यालयों को नोटिस जारी किया। नोटिस में बताया कि पोर्टल पर विद्यालय एवं बच्चों के डाटा फीडिंग का कार्य बीते दो माह से चल रहा है। लेकिन मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं मदरसा संचालक डाटा फीड करने में लापरवाही बरत रहे हैं। पांच दिन में कार्य पूर्ण नहीं किया तो संबंधित विद्यालयों एवं मदरसों की मान्यता निरस्त कर दी जाएगी। इस दौरान एआरपी तहसीन आलम खां, राकेश कुमार, चंद्र शेखर, वीरेंद्र पाल सिंह, सहाब खां, तुफैल अहमद, रियाज अहमद खां रहे।



मान्यता प्राप्त स्कूल व मदरसा संचालकों की बैठक में बोलते बीईओ विजय कुमार।

**▸▸ छात्र-छात्राओम का डाटा फीड नहीं कर कुछ स्कूल व मदरसे**

# व्यापारियों ने जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराने की मांग उठाई

बिलासपुर, संवाददाता

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पुनः कराने की मांग को लेकर व्यापारियों ने रेलमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन भेजा है। साथ ही ठहराव न होने से परेशानी बताई है।

मंगलवार दोपहर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल व नगरध्यक्ष सुदर्शन मदान के नेतृत्व में व्यापारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां व्यापारी स्टेशन अधीक्षक विपिन कुमार सिन्हा से मिले और उन्हें रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि जनशताब्दी एक्सप्रेस काठगोदाम-देहरादून का ठहराव वर्ष 2022 की 25 अक्टूबर को किया गया था। वर्ष 2023 की 25 अप्रैल को रोक दिया गया। इससे छात्र-छात्राओं, व्यापारियों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन का पुनः ठहराव कराया जाए। व्यापारियों ने ज्ञापन की एक कॉपी पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को भी भेजी है। इस मौके पर हाफिज ताहिर, राजीव अग्रवाल, दुष्यंत अग्रवाल, सौरभ जिंदल आदि मौजूद रहे।



स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

**▸▸ रेलवे स्टेशन पर अधीक्षक विपिन कुमार सिन्हा को सौंप ज्ञापन**

## शिविर में 76 रोगियों का हुआ उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मन चेतना दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनगर पर वृहद शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में केंद्र अधीक्षक डा. अजीम ने लोगों को बताया कि मन स्वस्थ रहेगा। तभी आप कोई काम सही तरीके से कर सकते है। मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है इसे छुपाये नहीं किसी भी प्रकार की मानसिक विकार की स्थिति में मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिए। जिला चिकित्सालय से आए मनोरोग विभाग के जिला समन्वयक आशुतोष ने बताया कि मानसिक रूप से संबंधित किसी प्रकार की समस्या से ग्रस्त होने पर जिला चिकित्सालय आकर सलाह ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में डा. योगेश, डा.अनीता सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंदिर वाली गली स्थित दत्ताराम शिवालय में श्री श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें श्री श्याम के गुणगान महोत्सव में दर्शक आधी रात तक श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर नृत्य करते रहे। श्री श्याम के जयकारों से पंडाल गूंज गया।

सोमवार रात श्री खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। इसमें अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। विधि विधान से मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना की गई। बाबा का दरबार इत्र की खुशबू से महक रहा था। बाबा को माखन, मिश्री, मेवा, फल, मिष्ठान आदि का छप्पन भोग भी लगाया गया। चंडीगढ़ के गायक मोनू दुआ ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई तो पंडाल जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने श्री श्याम बाबा के सुंदर भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दरबार अनोखा, खाटू वाले की हर बात अनोखी। झुक गए बड़े-बड़े सरकार, तेरी मोर छड़ी के आगे। ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, तू श्याम नाम रस पी ले। सामने आओ या आज भी पर्दा होगा। खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गए। आना है आना है, बाबा आज मेरे घर आना है। कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा दे, गजब हो जाएगा। तुझे अपने बाबा पे भरोसा जो होगा, जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया।

संकीर्तन की समाप्ति से पहले श्री खाटू श्याम बाबा के भक्तों ने बाबा के साथ जमकर फूलों की होली खेली। श्याम भक्त बाबा के दरबार में नृत्य करते रहे। रात 12 बजे केक काटकर बाबा का जन्म दिन मनाया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजय अग्रवाल,राघव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, शिवम् अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, ॠतिक अग्रवाल, वंश अग्रवाल, अतुल गुप्ता, राधिका अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पलक अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, श्याम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



दत्ताराम शिवालय में भजन प्रस्तुत करता कलाकार। ● अमृत विचार

**▸▸ मंदिर वाली गली स्थित दत्ताराम शिवालय में सजा भव्य दरबार**

**शपथ** बार वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

# वादकारियों के हित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचारः** मंगलवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील टांडा की नई कार्यकारिणी को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

पूर्व चेयरमैन ने अधिवक्ताओं से एकजुट होकर वादकारियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। अनिल कुमार भारद्वाज अध्यक्ष, श्योराज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास कुमार चौहान कनिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार चौहान महासचिव, राजीव सिंह चौहान संयुक्त सचिव प्रशासन ने शपथ ग्रहण की। राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष व धर्मवीर सिंह ऑडिटर ने भी शपथ ली। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, मोहित बजाज लखनऊ हाई कोर्ट सहित जफरुद्दीन खां, खुर्शीद, प्रेमसिंह, कुंवर संजय कुमार सिंह, विरेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, विकास सिंह चौहान, हर्षवर्धन गौड़, कुंवर पाल सिंह व वेद प्रकाश सैनी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



शाहबाद तहसील में पदाधिकारियों के साथ अधिवक्ता। ● अमृत विचार





पदाधिकारियों का स्वागत करते पूर्व चेयरमैन शिरीष कुमार मेहरोत्रा।

### बार एसोसिएशन के महासचिव बने रामचंद्र

**शाहबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को बार एसोसिएशन के महासचिव पद के लिए चुनाव में रामचंद्र ने अपने प्रतिद्वंद्वी खान सुहैल असरार को 12 वोटों से शिकस्त दी। अध्यक्ष समेत अन्य सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। बार अध्यक्ष रामौतार यादव समेत बाकी सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन पहले ही हो गया था। मंगलवार को बार एसोसिएशन के महासचिव पद के लिए चुनाव हुआ। दिन भर वोट डाले गए, शाम को मतगणना की गई। महासचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें रामचंद्र को 62 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी खान सुहैल असरार को 50 वोट मिले। रामचंद्र महासचिव चुने गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्रः 7417134445

## एक नजर

### 22 जनवरी को घरों में दीये जलाने का किया आह्वान

**शाहबाद, अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्त यादगार बनाने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। जिला पंचायत सदस्य डॉ मनोज कुमार सिंह ने क्षेत्रवासियों से घरों में दिए जलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह है। राम भक्त राम ज्योति को घर-घर प्रज्ज्वलित करने के लिए तैयारी में जुट चुके हैं। दिवाली की तरह ही मिट्टी के दीये से एक बार फिर भगवान राम के नाम ज्योति जलाई जाएगी। दिवाली के बाद उनका काम काफी मंदा हो गया था। अब मिट्टी के दीयों की बढ़ती मांग को देखते हुए उनके चाक दिन-रात चल रहे हैं। बाजार से मिट्टी के दीयों की भारी मांग है।

### गो सेवकों को एसडीएम ने बांटे कंबल

**रामपुर, अमृत विचार :** एसडीएम शाहबाद सुनील कुमार ने वृहद गो संरक्षण केंद्र किरा का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गो सेवकों को कंबल, जूते बांटे गए।

### अस्थमा रोगियों और बच्चों के लिए खतरा अधिक, फेस मास्क पहनने की सलाह दे रहे चिकित्सक

# जहरीली हो रही आबोहवा, लोगों की सांसों पर बढ़ा संकट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर की आबोहवा जहरीली होती जा रही है। इससे लोगों की सांसों पर संकट बढ़ रहा है। साथ ही स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। इससे बचाव के लिए आप चेहरे पर मास्क लगाकर निकलें।

पर्यावरणविद डॉ. बेबी तबस्सुम ने बताया, आबोहवा ऐसी हो गई है कि यह चार से अधिक सिगरेट पीने के बराबर है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि हर किसी को लंबे या कठिन परिश्रम कम करना चाहिए। सभी बाहरी गतिविधियों के दौरान अधिक ब्रेक लें। जिन लोगों को दिल या फेफड़ों की बीमारी है, वयस्कों, बच्चों और किशोरों को भारी परिश्रम से बचना चाहिए। जिला अस्पताल के डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि अस्थमा से पीड़ित लोगों को कार्य योजना का पालन करना चाहिए और त्वरित राहत दवा को संभाल कर रखना चाहिए। आप अपने वायु प्रदूषण के जोखिम को कम करने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें और फेस मास्क पहनें। मंगलवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 215 तक पहुंच गया। यह खराब स्तर का माना जाता है। इससे दमा और अस्थमा रोगियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. फहीम अहमद का कहना है कि नवजात बच्चों के स्वास्थ्य को पर्यावरण का बदला मिजाज और बदलता मौसम नुकसान पहुंचा सकता है। बच्चों के अलावा दमा एवं अस्थमा रोगियों के लिए खासतौर से एहतियात बरतने की जरूरत है।


जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### फैक्ट्रियों के पानी से कोसी का जल हो रहा दूषित

कोसी नदी में फैक्ट्रियों का पानी आने से वह भी दूषित हो गया है। उत्तराखंड की फैक्ट्रियों से कोसी में दूषित जल आने के विरोध में किसान कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। उधर, गंगा स्नान और मोनी अमवस्या को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा रामनगर बैराज के अधिकारियों को पत्र लिखकर पानी छुड़वाया जाता है। इसके बाद कोसी नदी का पानी साफ होता है।


" पर्यावरण प्रदूषण नई बीमारियों को जन्म दे रहा है। यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। दमा, अस्थमा और टीबी के मरीजों को एहतियात बरतने की जरूरत है। एअर क्वालिटी 0 से 50 तक रहे तो अच्छा होता है। "
– डॉ. बेबी तबस्सुम, पर्यावरणविद्, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय


" घना कोहरा होने के कारण धूल और धुएं के कण वायुमंडल में ऊपर तक नहीं पहुंच पाते हैं। इसके कारण वह कोहरे के साथ मिलकर वायुमंडल की निचली सतह पर तैरते हैं और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह बन जाते हैं। "
– डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### एयर क्वालिटी इंडेक्स

| इंडेक्स | क्वालिटी |
|---|---|
| 0-50 | - अच्छा |
| 51-100 | - संतोषजनक |
| 101-200 | - मध्यम |
| 201-300 | - खराब |
| 301-400 | - बहुत खराब |
| 401-500 | - गंभीर |

## सार संक्षेप

### भाकियू ने एसडीएम को किया सम्मानित

**मिलक, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त एसडीएम राकेश सोनी के आवास तहसील मिलक पहुंचा। तहसीलदार से एसडीएम बने राकेश सोनी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अजय बाबू गंगवार ने कहा कि किसानों की सेवा में हमेशा कार्यरत रहने वाले अधिकारी राकेश सोनी का प्रमोशन हुआ है। 17 जनवरी को एक पंचायत का आयोजन रामपुर कलेक्ट्रेट में किया जाएगा। जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से गन्ना मूल्य वृद्धि, छुट्टा पशु और समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाएगा।


एसडीएम को सम्मानित करते लोग।


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते नगर अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, साथ में अन्य।

### योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**स्वार, अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम में जिला संयोजक ने सरकार की उपलब्धियां व योजनाएं गिनाईं। उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। मंगलवार को गांव मधुपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम हुआ। इसमें यात्रा के जिला संयोजक एवं नगर पंचायत मसवासी के पूर्व चेयरमैन महेश मौर्य व नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र दिवाकर ने सरकार की योजनाएं गिनाईं। कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। 26 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में केंद्र सरकार की जानकारी देने के साथ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभ प्रदान किया जाएगा। जनधन योजना से प्रत्येक व्यक्ति को बैंक व आवासीय योजना से जोड़ा गया है। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्त मिली है। सभी लोग नमो एप लोड को डाउनलोड करें। लघु व मध्यम वर्गीय उद्यमियों के लिये बिना गारंटी के लोन बैंकों द्वारा दिया जा रहा है। कहा कि आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर भारत को विश्व में अग्रणी विकसित राष्ट्रों में शामिल किया जाना है।

# कोहरे में उत्तरांचल संपर्क क्रांति रद सर्दी में स्टेशन पर यात्री हुए परेशान

### हावड़ा काठगोदाम पौने आठ घंटे, सियालदा एक्सप्रेस सवा दो घंटे लेट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोहरे ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसका असर यातायात पर भी पड़ा रहा है। लंबे रूट की खी ट्रेनें कई घंटे देरी से चल रही हैं। मंगलवार को दिल्ली जाने वाली उत्तरांचल संपर्क क्रांति रद रही। हावड़ा काठगोदाम पौने आठ घंटे विलंबित तो सियालदा एक्सप्रेस करीब सवा दो घंटे लेट रही। ट्रेनें लेट होने से सर्दी में यात्रियों को दिक्कत हुईं।

एक जनवरी से लगातार सर्दी बढ़ती जा रही है। इससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। लोग सर्दी के चलते घरों के काम तक नहीं निपटा पा रहे हैं। सर्दी के बीच कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। मंगलवार को लंबे रूट की ट्रेनें कई-कई घंटे देरी से चलीं। उत्तरांचल संपर्क क्रांति रद रही। इसके अलावा हावड़ा काठगोदाम पौने आठ घंटे,तो सियालदा सवा दो घंटे देरी से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस काफी दिनों से रद चल रही है जोकि फरवरी तक रद रहेगी। इसके अलावा लालगढ़- डिब्रुगढ़ दो घंटे दस मिनट देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में सभी यात्री परेशान रहे। बार-बार स्टेशन के चक्कर काटते रहे। दिल्ली की ट्रेन रद होने की जानकारी मिलने के बाद बहुत से यात्री घर को लौट गए।


रेलवे स्टेशन से बाहर आते यात्री। ● अमृत विचार

▸▸ सर्दी में स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते रहे लोग, मायूस होकर घर लौटे

### रोडवेज, डग्गामार वाहनों को नहीं मिल रहे यात्री

सर्दी के चलते रोडवेज चालक और डग्गामार वाहनों के चालकों का बुरा हाल है। जहां गर्मी के समय चंद मिनटों में सवारियां मिल जाती थीं। वहां अब सर्दी में कई-कई घंटे खड़े होकर सवारियों का इंतजार कर रहे हैं। सवारियों को तलाशने के लिए चालक और रोडवेज परिसर से लेकर सड़क तक आ जा रहे हैं लेकिन उसके बाद भी उनको सवारियां नहीं मिल रही हैं। ऐसा ही हाल डग्गामार वाहनों के चालकों का हो गया है।


नगर पंचायत कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सभासद। ● अमृत विचार

# अलाव न जलने से नाराज सभासदों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, दढ़ियाल

▸▸ डीएम को पत्र भेजकर अलाव जलवाने की मांग उठाई

**अमृत विचार :** कड़ाके की सर्दी के बीच नगर में अलाव न जलवाने से खफा सभासदों ने नगर पंचायत गेट के बार प्रदर्शन किया। सरकारी पैसा गबन करने का आरोप लगाया। डीएम को पत्र भेजकर अलाव जलवाने और जांच कर कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पर सभासद व सभासदों के पति पहुंचे। उन्होंने ईओ के खिलाफ नारेबाजी की।

सभासदों का आरोप है कि नगर के किसी भी चौराहे, मोहल्ले व गली में अलाव नहीं जलाया जा रहा है। जिसे लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। पत्र पर सभासद कमलेश कुमार, अख्तर अली, हाजी इकबाल, रहीस, शादाब अली, सभासद के पति मोहम्मद सलीम, अकबर अली, खेम सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।


युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता।

### युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** धमोरा में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चुनाव की ऑनलाइन प्रक्रिया में जनपद के युवाओं ने युवा कांग्रेस की सदस्यता ली। 1500 युवाओं ने अपने मत का प्रयोग कर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को चुना। इनमें आरिफ अल्वी को 679 मत मिले। वह जिला अध्यक्ष बने, इकराम अली को 504 मत मिले। वह उपाध्यक्ष बने, एकलव्य वाल्मीकि को 277 मत मिले वह भी उपाध्यक्ष बने। मिलक विधानसभा से सभासद आसिब खां अध्यक्ष बने। रामपुर शहर विधाaनसभा से यासिर शाह अध्यक्ष बने, बिलासपुर से दीपक शर्मा और स्वार से मोहम्मद नवेद अध्यक्ष बने।सभी का कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता और शहर अध्यक्ष नोमान खां ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र ने कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ हैं। युवा कांग्रेस ने हमेशा एक नई क्रान्ति को जन्म दिया है। जब-जब देश का युवा जागा है एक नई क्रान्ति का आगाज हुआ है। इस मौके पर ताहिर अंजुम, इकबाल मंसूरी, फैजान अल्वी, दामोदर सिंह गंगवार, रियाज अहमद, मास्टर फिरोज, महबूब खां रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने शांति मौर्य का स्वागत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुंदनपुर निवासी शांति मौर्य को भाजपा किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इससे उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने शांति मौर्य का स्वागत किया।

स्वार ग्रामीण मंडल के किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार के देहांत के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर भाजपा स्वार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार ने शांति मौर्य को किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया है। शांति मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए कई जनहितकारी योजनाएं चलाई हैं। जिसका सभी किसानों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान जयवर्धन मौर्य, शंकर मौर्य, सुंदर मौर्य, जसरथ सिंह, ब्रजकिशोर, सरजीत सिंह, रामपाल आदि रहे।


भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा स्वार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं अन्य।

**राजनीति**

▸▸ बोले- भाजपा सरकार ने किसानों के लिए चलाईं कई योजनाएं

### चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए किसान प्रयागराज हुए रवाना

**रामपुर, अमृत विचार:** प्रयागराज में भारतीय किसान यूनियन टिकैट का चिंतन शिविर हो रहा है। इसमें काफी संख्या में किसान जा रहे हैं।

मंगलवार को रामपुर से काफी संख्या में किसान प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। किसान ट्रेन से चल गए। इनमें धरमेंस सिंह,मंडल महासचिव नरेश प्रताप सिंह, माखन सिंह, अजय पाल सिंह, गुड्डू, संजीव, साबिर अली, मुस्तकीम, तालिब, जगदीश सिंह, बबलू यादव आदि शामिल हैं।


स्टेशन पर मौजूद किसान।

# घरों को रोशन कर मनाएं दिवाली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि 22 जनवरी का दिन सबसे अहम है। इसलिए, सभी लोग अपने घरों को सजाएं और दीयों से रोशन कर रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ रामोत्सव मनाएं। महिलाओं को मिट्टी के दीये, साज-सज्जा का सामान और शॉल वितरित किए।

मंगलवार को गांव भंडपुरा में हुई सभा में शहर विधायक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह वह आयोजन है, जिसके लिए करोड़ों रामभक्तों ने हजारों वर्षों तक इंतजार किया। महिलाओं से कहा कि एक दिवाली आप ने तब मनाई थी, जब भगवान राम 14 वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या आए थे। एक दिवाली 22 जनवरी को मनाई जाएगी, भगवान श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कहा कि भगवान राम एक आदर्श हैं। उन्होंने एक बेटा, एक राजा, एक पति, एक भाई आदि सभी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है, जो आज के समाज के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। आने वाले समय में राम मंदिर समूचे विश्व के लिए बंधुत्व का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस दौरान पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर चमरौआ ब्लॉक प्रमुखपति जगपाल यादव, वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, यूनाईटेड वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष फरहा आदि उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक आकाश सक्सेना।

▸▸ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने गांव भंडपुरा में की सभा

### प्रधानों ने घर-घर बांटे पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के कई गांवों में मंगलवार को ग्राम प्रधानों ने पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र ग्रामीणों को दिए। पुरैनिया जदीद के ग्राम प्रधान कैप्टन मोहनलाल गंगवार, मनौना की ग्राम प्रधान के पति हरपाल सिंह, बकनौरी की ग्राम प्रधान चंद्रवती सहित कई गांवों में ग्राम प्रधानों ने ग्रामीणों को पूजित अक्षत वितरित किए। बजरंग दल एवं अन्य सामाजिक और व्यापारियों ने पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र बांटे। राम भक्तों की एक टोली रास डांडिया पहुंची। वहां पूजित अक्षत के साथ भव्य श्री राम मंदिर का चित्र भी लोगों को भेंट किया। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री अमृत गौड़, दामिनी गंगवार, राहुल गंगवार, हरपाल गिरी, मुकेश, रविन्द्र, सौरभ कुमार, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।


गांव पुरैनिया जदीद में अक्षत वितरित करते प्रधान मोहनलाल गंगवार।

### शिक्षकों ने प्रभाकर को किया सम्मानित

**मिलक, अमृत विचार :** चार जनवरी को केरल के राजभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संकुलन प्रभारी प्रभाकर गौतम को शिक्षक श्री सम्मान से सम्मानित किया था। मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने प्रभाकर गौतम को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रभाकर ने विकास खंड मिलक का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस दौरान अंकुर शुक्ला, संकुलन प्रभारी सत्यपाल सिंह, होमेन्द्र देव आदि उपस्थित रहे।


प्रभाकर को बुके भेंट करते एबीएसए अशोक कुमार।

**खुशी** — झालरें और दीये जलाकर 22 जनवरी को मनाएंगे दिवाली, तैयारी में जुटे

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को एक बार फिर दिवाली मनाई जाएगी। इस दिन अयोध्या में भगवान श्री राम विराजमान होंगे। इसे लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है। लोग मंदिरों व घरों को झालरों से सजाकर और दीये जलाकर दिवाली मनाएंगे। इसके लिए उन्होंने तैयारी तेज कर दी है।

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने में कुछ ही दिन शेष हैं। जैसे-जैसे समय नजदीक आता जा रहा है, राम भक्तों में उतना ही उत्साह बढ़ता जा रहा है। दुकानदारों ने भी तैयारी कर ली है। दुकानों पर जय श्री राम लिखे हुए झंडे जमकर बिक रहे हैं। लोग इन झंडों को अपने वाहनों पर लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि अयोध्या में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं।


" धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ, श्री राम मंदिर एक अद्भुत वास्तुशिल्प कृति है। भारत की आध्यात्मिक विरासत और भगवान राम की अमर प्रसिद्धि के जीवित प्रमाण के रूप में यह मंदिर अयोध्या को भारत की आध्यात्मिक राजधानी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। भारतवासियों की भावनाएं इससे जुड़ी हैं। भाजपा के राज में हमारा इतने सालों का सपना पूरा हो रहा है। इस दिन को उत्साह के साथ दिवाली की तरह मनाएंगे। "
– सरिता विश्नोई, समाज सेवी


" 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। इससे सब लोगों को ऐसा महसूस हो रहा है जैसे अयोध्या में नहीं है हमारे घर में स्थापित हो रहे हैं। जगह-जगह अयोध्या से पूजित आए अक्षत हम सभी लोग देने आते हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के मन में ऐसा उल्लास है, जैसे दिवाली आज ही है। घर-घर दिवाली की तरह झालर लगाकर सजाया जा रहा है। "
– सुनीता सिंह, मंडल अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा


" 500 वर्षों के कड़े वनवास के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसका साक्षी भारत ही नहीं, विश्व सनातन धर्म के साथ-साथ कई धर्मों के जनमानस, इस यादगार पल के गवाह बनने जा रहे हैं। हम अपने आपको बहुत गौरवान्वित, भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। हम लोगों का इस कालचक्र में जन्म हुआ। हम अपने जीवन के उस स्वर्णिम काल से गुजर रहे हैं। "
– सुनीता सिंह सैनी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा (महिला मोर्चा) उत्तर प्रदेश

" 22 जनवरी का दिन हमारे जीवन का अनमोल दिवस है। इस दिन अयोध्या में हमारे रामलला आ रहे हैं। यह दिन हमारे लिए दिवाली है। इस दिन को हम सभी मिलकर हर्ष और उल्लास के साथ मनाएंगे। इस दिन घरों में दीये जलाकर दिवली मनाएगें। इस दिन का लोगों को काफी समय से इंतजार था। 500 वर्ष बाद यह इंतजार पूरा हुआ है। "
– निधि वर्मा, मंडल महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा



# ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार :** चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत मंगलवार को पुलिस टीम ने अभियान चलाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों पर निशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगाई। ताकि आए दिन होने वाले हादसों को रोका जा सके।

अधिकारियों के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। उसी के चलते मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात विजेंद्र सिंह, दरोगा यातायात सुमित कुमार व आदर्श उत्थान विकास सेवा समिति, जिला सड़क सुरक्षा समिति नामित सदस्य प्रदीप कुमार सक्सेना के नेतृव में अभियान चलाया। जिसमे बरेली गेटa, सिविल लाइन ,मालगोदाम आदि चौराहा पर रात में घने कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को बचाने के उद्देश्य से वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्राली और अन्य वाहनों पर निशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगाई। चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। इस मौके पर एआरटीओ अनिल कुमार भी शामिल रहे।


रिफ्लेक्टर टेप लगाते पुलिसकर्मी।


गुरुदारा में कीर्तन दरबार के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### सरोपा भेंट कर मेहमानों का किया सम्मान

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के मौके पर गुरुद्वारा शास्त्री नगर में कीर्तन दरबार सजाया गया। लोगों ने अरदास लगाई। इसके बाद लंगर बरताया गया। मेहमानों को सरोपा व प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान गुरप्रीत सिंह, सरदार बलजीत सिंह, सजय नरुला, महेंद्र पाल सिंह, पलविदर सिंह, नीतू, प्रतीम सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कुत्तों ने पांच लोगों को काट कर किया घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुत्तों ने पांच लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। इसमें रतुपुरा निवासी धर्मपाल सिंह, पृथ्वीपुर गांवड़ी निवासी नीना, तरफ दलपत निवासी गनेश सिंह, नगर निवासी साजिया, फरीद नगर निवासी जयवती शामिल है। परिजनों ने सभी घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया। सोमवार देर रात मुरादाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने मथाने के स्कूल के सामने बाइक सवार वसीम व मोहसिन को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चुराया

**छजलैट, अमृत विचार :** सोमवार की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत का सामान चुरा लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम शुक्ला निवासी अरविंद ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी दुकान शुक्ला की पुलिया के पास है। सोमवार की रात चोर डीजे का सामान लेकर चंपत हो गए। मंगलवार सुबह दुकान का ताला टूटा देख घटना का पता चला। चोर दुकान से करीब पांच लाख रुपये का सामान चुरा कर ले गए। थाना प्रभारी सतेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर के अनुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने मुकदमा वापस लेने के लिए पत्नी को धमकाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** फरीद नगर निवासी रूबी ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेज कर कहा कि उसका विवाह नानक नगलिया थाना नौगावां सादात जिला अमरोहा निवासी यूसुफ से हुआ था। दहेज की मांग को लेकर पति से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि यूसुफ ने 31 दिसंबर को उसके मोबाइल पर काल कर गाली-गलौच करते हुए मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने एसएसपी से मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को दी आवास की चाबी

## रूपपुर टंडोला, अब्दुल्लापुर लेदा और रामूवाला गनेश में हुए कार्यक्रम

संवाददाता ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को जहां सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, वहीं पात्र लाभार्थियों को लाभांवित भी किया। इस बीच गर्भवती महिलाओं को योजना का लाभ देने के साथ ही गरीबों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी भी सौंपी।

भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को ग्राम रूपपुर टंडोला, अब्दुल्लापुर लेदा और रामूवाला गनेश में कार्यक्रम आयोजित किए गए। एलईडी वाहन पर योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए, अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। वास्तविक पात्र हर जागरूक होने के बाद अपना हक हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी सौंपने के साथ ही गर्भवती महिलाओं को भी सरकार की योजना से लाभांवित किया। इसमें सहायक विकास अधिकारी नौबहार सिंह, नगराध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, सुधीर नायक, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।



लाभार्थी को आवास की चाबी सौंपते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान।

# खेत से छुट्टा पशुओं को भगाने गए किसान की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, बिलारी

- ग्रामीणों ने प्रदर्शन करके छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की
- तहसील के कर्मचारियों ने पीड़ित परिवार से ली जानकारी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम स्योडारा में छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने गए किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए छुट्टा पशुओं को पकड़वाने और किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की।



सोमवार की रात गांव गांव स्योडारा निवासी 42 वर्षीय मुजीम खान घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित आलू और गेहूं की फसल की छुट्टा पशुओं से रखवाली करने गया था। गांव के अन्य लोग भी रात में फसलों की रखवाली कर रहे थे।

बताया जाता है कि इस दौरान अचानक उसके सीने में दर्द हुआ और उसकी मौत हो गई। जब वह काफी देर तक दिखाई नहीं दिया तो आसपास के खेतों पर मौजूद ग्रामीण उसके खेत में पहुंचे। जहां मुजीम का शव पड़ा था।

ग्रामीणों ने उनके घर वालों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार वाले तत्काल मौके पर पहुंचे और मुजीम खान को मुरादाबाद में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टर का कहना है कि किसान की मौत हार्ट अटैक से हुई है। जानकारी पाकर मंगलवार सुबह तहसील के कर्मचारियों ने गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से जानकारी ली।

मृतक किसान के परिवार में पत्नी के अलावा छह बच्चे हैं। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह प्रदर्शन करते हुए छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गो संरक्षण केंद्र में पहुंचने और मृतक किसान के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### डायट प्राचार्य की मां के निधन पर शोक



**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता की मां शांति देवी (75) का सोमवार को निधन हो गया। मंगलवार को मणिकर्णिका घाट बनारस में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य, जय प्रकाश, ललित प्रकाश, सौरभ, पीयूष, सूरज, आयुष, प्रत्यूष व परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे। वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, डायट प्रवक्ता अंशु गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश चंद गुप्ता, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक संदीप जैन आदि ने दुख व्यक्त किया है।

### मंदिर में दिखाया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

**कांठ, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर के प्राचीन मोनी शिव मंदिर पर दिखाया जाएगा। करीब एक दर्जन से ज्यादा मंदिरों में सजावट होगी और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंदिर में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण होगा। शिव मंदिर पटेगंज, माहेश्वरी शिव मंदिर आदि मंदिरों की सजावट की जाएगी। मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में हनुमान चालीसा का पाठ एवं प्रसाद वितरण होगा। नगर के सभी मंदिरों में 20 जनवरी को सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### गांधी स्मारक के दो शिक्षकों को मिली पीएचडी की उपाधि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. भूपेंद्र सिंह के अनुसार हिंदी विभाग में सहायक आचार्य धनंजय सिंह को नयी कविता में जन चेतना के यथार्थवादी कवि सर्वेश्वर की प्रगतिशीलता विषय पर एवं हिंदी विभाग के ही सहायक आचार्य अमर प्रताप कन्नौजिया को नयी कहानी आंदोलन एवं कमलेश्वर की कहानियों में मध्यवर्गीय संवेदना एवं मानव मूल्य विषय पर श्री वैंकटेश्वर विश्वविद्यालय गजरौला ने 15 जनवरी को हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इस अवसर पर कालेज के शिक्षकों एवं सभी कर्मचारियों ने दोनों को बधाई दी हैं।



धनंजय सिंह और अमर प्रताप।

### सीएचसी में हुई 35 लोगों की कोरोना जांच

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन रोगियों की कोरोना जांच की जा रही है। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि सर्दी के मौसम में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। हालांकि अभी तक कोरोना का कोई केस पॉजिटिव नहीं आया है। सुरक्षा की दृष्टि से कोरोना की जांच की जा रही है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 35 लोगों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

### थाने के बाहर हुआ प्रेमी युगल का निकाह

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में कई दिन से चल रहे प्रेम-प्रसंग के मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसके तहत मंगलवार की शाम थाने के बाहर प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोपी युवती का रिश्तेदार बताया जा रहा है। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर आरोपी पक्ष में हड़कंप मच गया। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के द्वारा दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया जा रहा था। मंगलवार की शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसके बाद प्रेमी जोड़े का निकाह करा दिया गया। निकाह के बाद युवक दुल्हन को लेकर अपने घर चला गया।

### ताले तोड़कर तीन दुकानों से नकदी व सामान चुराया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** हाईवे स्थित हुसैनपुर में तीन दुकानों के शटर के ताले तोड़कर चोर नकदी व अन्य सामान समेट कर ले गए। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव हुसैनपुर निवासी नन्हे ने बताया कि बैंक आफ इंडिया के सामने उसकी लोहे और चोकर के सामान की दुकान है। 15 जनवरी की रात में किसी समय चोर ताले तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद गल्ले में रखे दो हजार रुपये और लोहे का सामान चुरा कर ले गए। इसके बाद चोरों ने पास में ही स्थित नूर मोहम्मद की इंजन के पार्ट्स और ग्रिल आदि के सामान की दुकान को निशाना बनाया। दुकान के ताले तोड़कर घुसे चोर 1500 रुपये, बैटरी और अन्य सामान चुरा कर ले गए। इसके बाद चोरों ने विजेंद्र प्रजापति की मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान के ताले तोड़कर इनवर्टर बैटरी पैनल और अन्य सामान चुरा लिया। तीनों दुकानदारों को मंगलवार की सुबह घटना का पता लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कालाबाजारी में लक्ष्मीपुर की राशन डीलर निलंबित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राशन की कालाबाजारी के आरोप में मलपुरा लक्ष्मीपुर की राशन डीलर को निलंबित कर दिया गया है। उसकी दुकान के राशन कार्डों को पड़ोसी दुकान से अटैच किया गया है। एसडीएम से शिकायत पर 30 दिसंबर की रात मलपुरा लक्ष्मीपुर में राशन की दुकान का सत्यापन करने टीम पहुंची थी। लेकिन डीलर सईदा नाज ने दुकान नहीं खोली थी। इस पर टीम ने दुकान का ताला तोड़कर सत्यापन किया था। इसके बाद दुकान को सील कर दिया था। एसडीमए ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी। जिलाधिकारी के आदेश पर राशन डीलर सईदा नाज के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आपूर्ति निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच में दुकान को आंगनबाड़ी केंद्र में चलता पाया गया। राशन का भी वितरण सही से नहीं किया गया था। लिहाजा राशन की दुकान को निलंबित कर राशन कार्ड धारकों को पास के राशन डीलर से अटैच कर दिया गया है। ताकि कार्ड धारकों को राशन लेने में परेशानी न हो।

### पुलिस ने 143 क्विंटल ई-कचरा पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बारूभूड़ा रोड से 143 क्विंटल ई-कचरा पकड़ा। क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर स्टेशन रोड स्थित फैक्ट्री के पास से एक ट्रक में लदा ई-कचरा पकड़ लिया। पुलिस ने नदीम निवासी भोजपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म में पड़ोसी भाई-बहन के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, बिलारी

- शौच के बहाने किशोरी को अपने घर ले गई थी आरोपी की बहन
- घटना का जिक्र करने पर आरोपी ने दी परिवार को मारने की धमकी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 12 वर्षीया बेटी को पड़ोसी युवती शौच के बहाने से अपने साथ ले गई। इसके बाद युवती के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का जिक्र करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी बहन के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

पुलिस को दी तहरीर में किशोरी के पिता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली युवती 12 जनवरी की शाम उनकी 12 वर्षीया बेटी को शौच के लिए जंगल ले गई थी। किशोरी जब घर पहुंची तो बेहद डरी, सहमी व घबराई हुई थी। उसे चलने में भी काफी परेशानी हो रही थी। उसकी हालत देख परिजनों को शक हुआ। उन्होंने किशोरी से पूछताछ की। तब उसने रोते हुए आपबीती सुनाई। किशोरी ने बताया कि युवती के भाई राजेश ने उसे बुरी नीयत से कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

किशोरी ने परिजनों को बताया कि इस दौरान राजेश की बहन कमरे से बाहर चली गई। आरोपी ने किशोरी को धमकी दी कि यदि घटना के बारे में किसी से जिक्र किया तो तेरे परिवार को खत्म कर दूंगा। पुलिस ने राजेश और उसकी बहन सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पांच ग्राम पंचायतों में चला सफाई अभियान

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** मंगलवार को विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम 22 जनवरी तक चलेगा।

एडीओ कृषि भगवान दास ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विकासखंड की ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शासन से विकासखंड की 82 ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश मिले हैं। सभी सचिव व प्रधानों को सफाई अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शासन का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण और साफ सफाई रखना है। मंगलवार को रायपुर खुर्द, रसूलपुर चौहरा, सीमला, मुंडा खेड़ी और लाडलावाद गांव और मंदिर परिसर में सफाई की गई। इस मौके पर रामपाल भाटी, मोहित कुमार, बीसी आशीष कुमार, रोहित कुमार, सुरेंद्र सिंह व सभी ग्राम पंचायत के प्रधान, ग्रामवासी व सफाई कर्मी उपस्थित रहे।


चामुंडा मंदिर पर स्वच्छता अभियान के चलते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मंदिरों के आसपास की साफ-सफाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्वच्छता अभियान के तहत नगर की जाटवान बस्ती स्थित चामुंडा शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। मंदिर के आसपास पड़े कूड़े-करकट को उठाकर मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की गई। इसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख डॉ. वीर सिंह सैनी, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, अंकित शर्मा, पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप, नागेंद्र लाम्बा, संजीव कुमार, पवन कुमार पुष्पद, दीपक वाल्मीकि, राजीव कुमार आदि शामिल रहे।

# युवक को मारपीट कर घायल किया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दूसरे युवक पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सौंदा निवासी शमीम ने बताया कि मंगलवार को करीब 3:30 बजे वह अपने खेत से घर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम लाल ढाये से आगे सौंदा मार्ग पर पहुंचा तो रास्ते में पहले से ही खड़े गांव के ही मुजफ्फर हुसैन ने उसे रोक लिया और धक्का देकर बाइक से गिरा दिया। इसके बाद मारपीट करने लगा। उसके शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। मारपीट के कारण उसे काफी चोट लगीं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


एसडीम राज बहादुर सिंह को ज्ञापन देते नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार व अन्य।

# तहसील से दिए जाएं भांतू जाति के प्रमाण पत्र

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नागरिक एकता परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को दिया। इसमें उन्होंने जाति प्रमाण पत्र दिलाने की मांग उठाई।

मंगलवार को नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि गांव सतारन निवासी भांतू जाति के लोगों को तहसील से जाति प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया गया। जबकि 2016 में उन्हें तहसील से ही जाति प्रमाण पत्र दिए जाते रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी से भी शिकायत की थी। उन्होंने मामले की जांच तहसील भेजी थी। जांच में लेखपाल नाजिया सुल्तान ने रिपोर्ट लगाई। परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि एसटी जाति की सूची में भांतू को भन्तू दर्ज किया गया है। जबकि 2016 तक तहसील से जारी किए गए जाति प्रमाण पत्रों में भांतू जाति लिखा गया है। भांतू जाति के प्रमाण पत्र जारी न होने से हो रही दिक्कतों से अवगत कराया। ज्ञापन देने वालों में विशाल, महेंद्र सिंह, रोमी रामावतार, शांति देवी, कौशल्या, सुनीता, राजवती, बालक राम, मोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# घने कोहरे और शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को ठंडी हवा और कोहरे के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। शीतलहर व घने कोहरे के कारण लोग घर में दुबकने को मजबूर रहे। हालांकि दोपहर में कुछ ही समय के लिए सूरज देवता के दर्शन हुए, लेकिन धूप बेअसर रही।

मंगलवार को सुबह से ही घना कोहरा और शीतलहर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। शीतलहर और घने कोहरे ने ठिठुरन बढ़ा दी है। इसके चलते लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं नगर पंचायत ने लोगों को ठंड से बचाने के लिए नगर में 60 जगह अलाव जलाए हैं। बाजार और सड़कों पर भी अन्य दिनों के मुकाबले लोगों की भीड़ कम दिखाई दी। शीतलहर के चलते शाम के समय जल्द ही दुकानें बंद हो गई। लोगों का रोजमर्रा का कार्य भी प्रभावित हुआ। किसानों का कहना है कि अत्यधिक ठंड होने के कारण खेतों में काम नहीं हो रहा है।

# दो बाइकों की टक्कर में किसान के इकलौते पुत्र की मौत, दोस्त घायल

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** कोचिंग से अपने दोस्त के घर जा रहे युवक की बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



थाना क्षेत्र के ग्राम छज्जा नंगला निवासी 22 वर्षीय सन्नी पुत्र जोगेंद्र सिंह सोमवार की शाम करीब सात बजे कोठी खिदमतपुर स्थित कोचिंग सेंटर से पढ़कर अपने दोस्त पारस के साथ बाइक द्वारा ग्राम रामनगर छाई जा रहा था। रास्ते में अमरोहा की ओर से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने सन्नी की बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त पारस गंभीर रूप से घायल हो गया। रहागीरों की सूचना पर पहुंची ने पारस को इलाज के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। इकलौते पुत्र की मौत की खबर मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। ग्राम अकबरपुर सिहाली के प्रधान हरपाल ने बताया कि जोगेंद्र सिंह के परिवार में दो बेटी व एक बेटा सन्नी था। वह दोनों बहनों से छोटा था। थाना प्रभारी सत्येंद्र शर्मा ने बताया की परिजनों द्वारा भी कोई तहरीर नहीं दी गई है। यदि वह तहरीर देंगे तो कार्रवाई की जाएगी।


कंबल वितरण करते पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

# पूर्व सांसद ने वितरित किये कंबल

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद, उप जिलाधिकारी व ब्लॉक प्रमुख के सहयोग से कंबल वितरित किए गए।

पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार ने विकास खंड परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व सांसद के देरी से पहुंचने के कारण गरीब और असहाय लोग कड़ाके की सर्दी में कंबल मिलने का इंतजार करते रहे। पूर्व सांसद के सहयोग से उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल, ब्लॉक प्रमुख राजपाल सिंह ने गरीब और असहाय लोगों को 400 कंबलों का वितरण किया। पूर्व सांसद ने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या के लिए कोई भी उनसे मिल सकता है।

इस मौके पर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन चंद्रपाल सिंह, संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत, एडीओ सुशील कुमार, सचिव सूरज नायक आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** मुख्तयारपुर नवादा में चल रही श्री जाम्भाणी हरि कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने व्यक्त किये विचार

# चरित्रवान होना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन : राजेंद्रानंद

संवाददाता, कांठ

- मेहनत, लगन और ईमानदारी से ही कमाना चाहिए धन
- जीवन रूपी धन को नष्ट कर देते हैं मोह, माया, क्रोध व अहंकार

**अमृत विचार :** मेहनत और लगन के साथ पुण्य काम करते हुए धन कमाना चाहिए। कमाया हुआ धन आदि एक दिन नष्ट हो सकता है। चरित्रवान होना सबसे बड़ा धन है। जिसका चरित्र हनन हो जाता है उसका सब कुछ नष्ट हो जाता है।

यह विचार ग्राम मुख्तयारपुर नवादा में चल रही श्री जाम्भाणी हरि कथा के दूसरे दिन भीमगोड़ा हरिद्वार के विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धन पांच प्रकार के होते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार मनुष्य का प्रथम धन है। परिवार के लिए मानव अच्छे बुरे कर्म करता है। लेकिन बुरे कर्म उसे व उसके परिवार को भी कलंकित करते हैं। दूसरे धन जीवन के संबंध में बताया कि यह धन ईश्वर भक्ति के लिए मिला है। परंतु मोह, माया, क्रोध व अहंकार में मनुष्य अपने जीवन रूपी धन को नष्ट कर लेता है। आर्थिक धन के संबंध में उन्होंने बताया कि मेहनत, लगन और ईमानदारी से ही धन कमाना चाहिए। शांति धन के संबंध में उन्होंने बताया कि जिस मानव के जीवन में धन-धान्य, परिवार, भोग विलास के साधन उपलब्ध हैं लेकिन शांति धन नहीं है तो सब कुछ व्यर्थ हैं। उन्होंने कहा कि मानव का सबसे बड़ा धन चारित्रिक धन है। सब कुछ होते हुए भी जिसके चरित्र में दोष हो तो सभी धन व्यर्थ हैं। इस मौके पर संत गोविंद शरण, संत मुक्तानंद, विरजानंद, धर्मानंद (हरथला) आदि संतों का दीपक कुमार, हरीराज, राजकुमार आदि संत रविदास कमेटी ने संत रविदास के 648वें जन्मोत्सव पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। कथा में मास्टर धर्मपाल सिंह, श्रीओम सिंह आदि का सहयोग रहा।


कथा सुनाते स्वामी राजेंद्रानंद व मौजूद भक्त। ● अमृत विचार


निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने किया निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** एसडीएम ने निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण किया और शीघ्रता के साथ निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए।

ग्राम रामनगर उर्फ रमपुरा में ग्राम पंचायत स्तर पर गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य कई महीने से चल रहा है और अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्माणाधीन गोशालाओं का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल ने गोशाला का निर्माण कार्य देखा और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को तत्काल निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर लेखपाल अली हुसैन एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

